## संक्षिप्त

### धर्मेन्द्र का कोल इंडिया में चयन

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमू उपखण्ड के गांव नागंल भरडा निवासी धर्मेन्द्र कुमार बिजारणियां, पुत्र कैलाश चन्द बिजारणियां का भारत की सबसे बडी महारत्न कंपनी कोल इंडिया में आफिसर पद पर चयन होने पर गग्रामीणों ने धर्मेन्द्र बिजारणियां का राजस्थानी परंपरा अनुसार स्वागत सत्कार किया साथ ही परिजनों ने मिलकर बधाइयां दी। धर्मेन्द्र बिजारणियां के मामा सुरज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मेन्द्र की प्रारंभिक शिक्षा गांव नांगल भरडा में हुई तथा इंजीनियरिंग की पढाई एम.बी.एम. विश्वविद्यालय जोधपुर से की। वर्तमान में अपनी पी.एच.डी. की डिग्री आई.आई.टी. खडगपुर से कर रहे है।



धर्मेन्द्र कुमार

### गुरु गोरखनाथ बोर्ड के गठन की मांग

**पावटा, (निसं)।** नाथ समाज के लोगों ने विधायक इंद्राज गुर्जर से मिलकर गुरू गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। उन्होने बताया कि नाथ समाज वर्तमान समय में आर्थिक, सामाजिक, राजनीति रूप से अत्यंत पिछडा हुआ है। सरकार अगर बोर्ड बनाता है तो नाथ समाज भी आर्थिक, सामाजिक, राजनीति के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढकर मुख्य भूमिका में आ सकेगा। इस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने नाथ समाज की मांग को उचित बताते हुए विधानसभा में इस मांग को उठाने का आश्वासन दिया व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख मांग से अवगत करवाने की बात कहीं। ज्ञापन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सुरेलिया, नर सेवा नारायण सेवा समिति अध्यक्ष गिरधर योगी, रघुवीर योगी, शंकर योगी, नानू नाथ, गिरिराज योगी, उमाशंकर योगी, दलीप योगी सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित रहे।

### संविदाकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में संविदा कर्मियों ने पिछले तीन माह से वेतन न मिलने से नाराज होकर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को ज्ञापन देकर समय रहते वेतन नहीं मिलने पर सोमवार से कार्य बहिष्कार करने की बात कही है। सभी संविदा कर्मियों ने हर माह की 1-5 तारीख तक वेतन दिलाने की बात कहीं। मौके पर पहुंची सभासद आरती देवी ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और ईओ से वार्ता कर वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। इस मौके पर विनोद यादव, सुंदर लाल, घनश्याम पारीक, विनोद वाल्मीकि, राजेश, सत्यनारायण सैन, नरसी राम, निरंजन कुमार, सन्नी सारवान, ओम प्रकाश, बीना, मोना, कमलेश, हंसराज, कपिल, विशाल, सुनील, प्रवीण, नरेंद्र सहित संविदा कर्मी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यशाला

**सांभरझील, (निसं)।** यहां राजकीय शाकंभर महाविद्यालय में मतदाता के महत्व और मतदाता बनने की प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय बीएलओ प्रेम प्रकाश जाँगिड एवं अनिल माहेश्वरी ने मतदाता बनने की ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रक्रियाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य केप्टन डॉ. ज्ञानप्रकाश दायमा ने विद्यार्थियों से मतदाता सूची में नाम जुडवाने का आव्हान किया। कार्यशाला का संचालन मतदाता जागरूकता क्लब के संयोजक डॉ. महादेव सिंह ने किया और मतदाता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्याशाला में बडी संख्या में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने भागीदारिता की।

### निर्मल सुरा प्रभारी नियुक्त

**अलवर, (निसं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.सतीश पूनिया एवं प्रदेश के मोर्चा अध्यक्ष हरिराम रणवा के निर्देश पर भरतपुर किसान मोर्चा भरतपुर जिले के प्रभारी पद पर निर्मल सुरा हिन्दू को नियुक्त किया है। निर्मल सुरा हिन्दू ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर पार्टी ने विश्वास कर जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे।



निर्मल सुरा

# कुंए में तैरता मिला मां-बेटी का शव, बुधवार रात को घर से निकली थी

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र की लावा ग्राम पंचायत के बालापुरा ढाणी से बुधवार की रात को निकली विवाहिता व 15 माह की मासूम बेटी का शव गांव के एक कुंए में गुरूवार को तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनो शवों को कुंए से निकाल डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि लावा पंचायत की बालापुरा ढाणी निवासी विवाहिता मनीषा पत्नि खुशीराम जाट अपनी 15 माह की बेटी अन्नु के साथ बुधवार की रात को घर से निकली थी। परिजनों ने रातभर दोनो मां-बेटी को जगह-जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

- पुलिस ने प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह से आत्महत्या का अंदेशा जताया

गुरूवार की दोपहर बाद गांव के पास ही एक कुंए मे दो शव तैरने की मिली सूचना पर डीवाईएसपी सुशील मान के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनो शवों को बाहर निकाला। जिनकी शिनाख्त मनीषा व अन्नु के रूप में की गई। डीवाईएसपी सुशील मान ने बताया कि प्रथम दृश्या की गई पूछताछत व जुटाई जानकारी में विवाहिता मनीषा अपनी बेटी अन्नु के साथ आत्महत्या के लिए कुंए में कूद पानी में डूब जाने से मौत होने का अंदेशा सामने आया है।

मामले की सूचना मृतक विवाहिता के पीहर पक्ष को दे शव डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम करा शव ससुराल पक्ष को सौंपे गये। समाचार लिखे जाने तक मां-बेटी की मौत के कारणों का स्पष्ट कोई खुलासा नहीं हो सका।



डीवाईएसपी सुशील मान ने परिजनों से जानकारी जुटाई।

### रास्ता चौड़ा करने की मांग पर ज्ञापन

**टोंक, (निसं)।** मेहन्दवास गेट चौराहे से गुर्जरों का चौक जाटा पाडा संघपुरा पुरानी टोंक तक क्षेत्र में आम रास्ते पर अतिक्रमण हटाकर रास्ता चौडा करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को मौहल्लेवासियों ने ज्ञापन दिया।

पार्षद राहुल गुर्जर सहित गंगाधर, मेघराज, विशाल, गोरधन, बलराम, लोकेश, छोटू आदि मौहल्लेवासियों ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि मेहन्दवास गेट चौराहे से गुर्जरों का चौक जाटा पाडा संघपुरा पुरानी टोंक तक के निवासियों ने अतिक्रमण करके उक्त रास्ते (मेहन्दवास गेट चौराहे के वहां से गुर्जरों का चीक जाटा पाडा संघपुरा पुरानी टोंक) को सकडा कर दिया है, जिससे आये दिन अत्यधिक ट्रैफिक जाम होता रहता है, जिसके कारण यहां के निवासी लडाई-झगडा करने पर उतारू हो जाते हैं और एससी/एसटी केस लगाने की धमकियां देते हैं। साथ ही इस इलाके में पशुपालन करने वाले परिवार भी रहते हैं, जिनके पशुओं के लिए चारे की गाडीयां आये दिन आती रहती है, जिससे अक्सर ट्रैफिक जाम लग जाता है, जिस कारण पशुपालकों द्वारा चारे की गाडियों को मेहन्दवास गेट पर पारिवारिक न्यायालय के बाहर ही खाली करवानी पडती है, जिससे जनता, पशुपालकों को व प्रशासन को काफी परेशानी होती है।

## कार-बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, दम्पती की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर डिग्गी थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा मोड पर बुधवार की देर रात को तेज रफ्तार बेकाबू कार-बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार पति-पत्नि कीमौत हो गई व दो मासूम बेटे गंभीर घायल हो गये। गंभीर घायलों का जयपुर में उपचार जारी है।

थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात को जयसिंहपुरा मोड के पास हुए सडक हादसे की मिली सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तब तक कार चालक घटनास्थल पर कार छोड फरार हो गया। घटनास्थल पर अचेतावस्था मे पडे बाईक सवार चारो जनो को तत्काल डिग्गी अस्पताल लाया गया। जहां बाईक चालक निवासी खेडा बालाजी हाल निवासी मालपुरा रामकिशोर जांगिड पुत्र छीतर मल जांगिड को मृत घोषित किया तथा पत्नि सुनिता जांगिड व दोनों मासूम बेटे दीपक व वंश को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। जहां दौराने उपचार मृतक की पत्नी ने दम तोड दिया। एसएचओ ने बताया कि दोनो मासूम बेटों के पांव फैक्चर हो गये। गुरूवार को डिग्गी अस्पताल में मृतक रामकिशोर का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने बताया कि परिवार की माली हालत के चलते रामकिशोर बीते दिनो मालपुरा कृषि मंडी से कार्य छोड सर्दी के ऊनी वस्त्र बेच अपना परिवार चला रहा था। चार दिन पूर्व परिवार में हुई मौत के बाद मालपुरा से अपनी पत्नि व बेटों को ले वापस गांव जाते समय बेकाबू कार मौत बनकर परिवार पर टूट पडी। वही डिग्गी सोहेला सडक मार्ग पर बाईंडा बालाजी के पास बुधवार की रात सडक किनारे खडे ट्रेक्टर-ट्रोली से हुई बाईक चालक रामजीलाल सैनी निवासी हनुतियां गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मालपुरा अस्पताल से जयपुर रैफर किये जाने पर दौराने उपचार मौत हो गई।

- जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर डिग्गी थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा मोड पर हुआ हादसा
- दो मासूम गंभीर घायल, कार चालक मौके से फरार

## वर्षा मिस फ्रेशर तथा साहिल मिस्टर फ्रेशर बने

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में नवीन सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी काआगाज़ किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने बताया कि नवीन सत्र में महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष में 200 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इन विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति के विकास और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए महाविद्यालय में एक नई पहल के रूप में आगाज़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

कार्यक्रम में खेलकूद, शैक्षिणक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.दीपक चंदवानी ने बताया कि महाविद्यालय में मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर का चयन किया गया। इस गतिविधि में 4 छात्रों तथा 6 छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों में से साहिल राही तथा छात्राओं में से वर्षा लखपतानी को मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के रूप में चुना गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रसंघ पदाधिकारियों ने प्राचार्य डॉ. अंजू रानी का आभार जताते हुए उन्हें महाविद्यालय के लिए राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। निर्णायक की भूमिका में डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. शिवचरण चेडवाल तथा राजवीर मीना ने निभाई। संचालन तुषिता जोशी, आदित्य कुमार तथा रिंकी खातून ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उत्तम सिंह, युक्ता व्यास, संजना कुमारी, अजीत सिंह, नोवेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि विद्यार्थियों ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम सह प्रभारी सरस्वती मीणा, महाविद्यालय स्टाफ देवेंद्र कपूर, रमेश चंद, विक्रम सिंह, विक्रम सिंह यादव, सौम्या बारेठ, शिवराम मीणा आदि उपस्थित रहे।




प्राचार्य डॉ अंजू रानी ( दाये से प्रथम ) ने मिस फ्रेशर ( दाये से दूसरे ) व मिस्टर फ्रेशर ( दाये से तीसरे ) का स्वागत किया।

## एसडीएम ने 40 साल पुराने खुदाई में निकले नाले का अवलोकन किया

**किशनगढबास, (निसं)।** नगर पालिका की ओर से खुदाई कर सड़क के 4 फुट नीचे से निकाले गए लगभग 40 साल पुराने दबे गंदे पानी निकासी के नाले का सच सामने आने पर एसडीएम गंगाधर मीणा ने ईओ महेश गुर्जर, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड के साथ मौके पर पहुंचकर नाले से होकर जोहड़ तक पहुंच रहे पानी की स्थिति का अवलोकन किया।

एसडीएम ने नाले पर बनी दुकानों व जोहड़ को देखने के बाद नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर को निर्देशित किया और कहा निर्माणाधीन नाले का निर्माण कराने से पहले दुकानों के नीचे से होकर जोहड तक निकल रहे नाले की सफाई व पानी निकासी में अवरोधक बनी दीवारों को हटाकर नाले का निर्माण कराएं। अधिकारी ने दुकानदारों को कहा प्रशासन और नगर पालिका का प्रयास है शहर की अवरुद्ध हो रही गंदे पानी निकासी की समस्या को ठीक करना है ना की किसी को नुकसान पहुंचाना। एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों को कहा है कि अगर कोई सफाई करने में सहयोग नहीं देता है तो नियमानुसार कार्रवाई करें।

ईओ महेश गुर्जर ने एसडीएम गंगाधर मीणा को अवलोकन के दौरान बताया कि जोहड की सफाई के लिए जल्द ही टेंडर लगाकर सफाई का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। नाले का अवलोकन करने पहुंचे एसडीएम को देखकर गंज रोड के दुकान मालिक भी वहां पहुंच लिए। गंज रोड पर पिछले दिनों नाले पर बने दुकान मकान मालिकों को चिन्हित कर नगर पालिका प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर को 54 लोगों के नाम की सूची भेज कर पट्टे निरस्त किए जाने की सिफारिश की जा चुकी है।

- नगर पालिका जल्द टेंडर कर जोहड़ की सफाई कराएगी




एसडीएम गंगाधर मीणा ने ईओ महेश गुर्जर, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी निर्देश दिये।

### छह माह से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अठावाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव एवं उनकी पुलिस टीम ने कार्यवाही कर 6 माह से फरार चल एक वारण्टी को गिरफ्तार किया।

वहीं आगे बताया कि थाना फुलेरा का हार्डकोर अपराधी नरेन्द्र उर्फ जब्बर सिंह जाति राजपूत 32 वर्ष निवासी ढीण्ढा थाना क्षेत्र फुलेरा का न्यायालय सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभरलेक में प्रकरण में आरोपी जो करीब 6 माह से हर संभावित स्थानों से फरार चल रहा था। उक्त स्थाई वारण्टी को पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर गुरुवार को थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

## चार दिवसीय मत्स्य उत्सव का आगाज जगन्नाथ महाराज की महाआरती से शुरू


**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरूवार को प्रात: जगन्नाथ महाराज मंदिर में महाआरती से चार दिवसीय मत्स्य उत्सव का आगाज किया।

महाआरती में जन समुदाय की उपस्थिति के साथ जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर नवीन यादव, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी तथा बडी संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित थे।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी व जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रात: नेहरू गार्डन सेल्फी पॉइन्ट से मोती डूंगरी तक रन फॉर अलवर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली नेहरू गार्डन से नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल, होते हुए मोती डूंगरी पहुंची जिसमें युवाओं व आमजन ने बढचढकर भाग लिया। मोती डूंगरी पर युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिला कलेक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने मत्स्य उत्सव सबका उत्सव बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया है कि मत्स्य उत्स्य के तहत आयोजित सभी कार्यक्रमों में बढचढकर हिस्सा लेवे।

इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी ओमप्रकाश सहारण, उपखण्ड अधिकारी अलवर सोहन सिंह नरूका, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव सहित जिला स्तरीय एवं बडी संख्या में युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

- रन फॉर अलवर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आव्हान



अलवर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ( बायां से पहला ) ने जगन्नाथ महाराज का आशीर्वाद लिया।

## सार-समाचार

### संगीतमय भागवत कथा का शुभारम्भ

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड कस्बे के नजदीकी साहबी नदी किनारे बसे ग्राम कारोडा के शिव मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में कलश यात्रा आयोजित कर संगीतमय प्रस्तुति के द्वारा कथा वाचक आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण भारती के द्वारा संगीतमय कथा का शुभांरभ करने पर ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने भक्ति रस का आनंद उठाया। आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के सोडावास के नजदीकी ग्राम कारोडा में शिव मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा में श्रद्धालुओं, भक्तों तथा ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने पंडित लक्ष्मी नारायण भारती के नेतृत्व में डीजे के साथ परिक्रमा करते हुए दोपहर 1 बजे श्रीमद्भागवत के प्रथम अध्याय के महत्व एवं भक्ति, ज्ञान, वैराग्य एवं प्रसंग तथा अंत में धुंधकारी एवं गोकर्ण उपाख्यान का संगीतमय ध्वनि के साथ भजनों की भी बनवारी लाल एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी गई। समस्त ग्रामवासियों की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के पंडित पप्पू राम शर्मा के द्वारा साहबी नदी किनारे बसे गांव में भक्ति रस की सरिता बहाकर अमूल्य योगदान दिया गया जिसकी समस्त ग्रामीणों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इस दौरान गांव के दिनेश कुमार, घमंडी लाल आदि सहित सभी ग्रामीण गणमान्य लोगों एवं गांव की महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा कलश यात्रा निकालते हुए श्रीमद्भागवत कथा को सहर्ष सुनकर भक्ति रस का आनंद उठाया।

### विद्यार्थियों ने कुश्ती में 17 मेडल जीते

**बहरोड/अलवर, (निसं)।** बानसूर के राजकीय महाविद्यालय में राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में बहरोड के निजी क्षेत्र के पीजी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने इतिहास रचते हुए 8 गोल्ड मेडल सहित कुल 17 मेडल प्राप्त कर चैंपियनशिप के साथ ही पुरुष कुश्ती ग्रीको रोमन प्रतियोगिता जीतकर राठ क्षेत्र का नाम रोशन किया। कोच सुरेंद्र सुरेश चंद सैनी के नेतृत्व में 3 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 3 ब्रांच मेडल तथा ठीको रोमन कुश्ती में 3 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल हासिल किए वहीं महिला कुश्ती फ्रीस्टाइल में 2 गोल्ड मेडल हासिल करने में सफलता प्राप्त की। पुरुष फ्रीस्टाइल एवं पुरुष ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में चैंपियनशिप हासिल की गई। बहरोड के निजी पीजी महाविद्यालय निदेशक उमेश चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहरोड़ का नाम रोशन किया है वहीं प्राचार्य अभय सिंह यादव ने छात्र एवं छात्राओं को खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहवर्धन करने की बात कही गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी विक्रम सिंह, प्रियंका शर्मा, रेखा यादव, सीपी शर्मा, राकेश जयपाल, पूजा शर्मा, ममता यादव, सीमा सैनी, मुस्कान, अजय सेन, महिपाल चौधरी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**देवली, (निसं)।** यहां हेयय कलाल समाज संस्थान ने बीकानेर कलेक्टर को अपमानित किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय हेयय क्षत्रिय कलाल समाज संस्थान के समाजसेवी संपत सुवालका, एडवोकेट बंसी कलवार एवं सतनारायण भुलिया ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश के पंचायत राज्य मंत्री के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए ज्ञापन में बताया की बीकानेर में रविंद्र मंच पर भरे समारोह में राजमंत्री मीणा ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर बीकानेर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल को बाहर निकाल अपमानित किया है। कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल को अपमानित करने से यहां क्षत्रिय कलाल समाज संस्थान में भारी नाराजगी व्याप्त हो रही है। बीकानेर जिला कलेक्टर के साथ हुई इस अपमानित घटना के संबंध में उचित कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपने में समाज के रतनलाल सुवालका, अशोक सुवालका, जितेंद्र सुवालका, मोती शंकर कलवार, अमरचंद सुवालका, रजनीश सुवालका , अनिल सुवालका, राहुल सुवालका, दलेल चंद सिंघाड सहित इत्यादि समाज के बंधु उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की

**उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र की पंचायत समिति अलीगढ की ग्राम पंचायत बिलासपुर में फर्जी तरीके से मस्टरोल भरते हुए भ्रष्टाचार खुले रूप से करने का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बिलासपुर की ओर से ग्राम बिनजारी में लाखों रूपयें की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया था। जिसका सम्पूर्ण कार्य 30 मार्च 2022 को पूरा हो गया था लेकिन ग्राम पंचायत ने मिलीभगत करते हुए 1 अगस्त 2022 को मस्टरोल जारी करते हुए फिर से निर्मित शौचालय का ही काम कागजों में चला दिया जबकि आश्चर्य जनक बात तो यह है कि शौचालय का निर्माण ग्राम पंचायत की ओर से 30 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। वही ग्राम पंचायत बिलासपुर के कारनामे से पंचायत प्रशासन तथा उच्चाधिकारियों पर ही सवालिया निशान उठते नजर आ रहे हैं। फिर भी पंचायत अधिकारी तथा उच्चाधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। इसी कारण सरकार को लाखों रूपये का दिनदहाडे चूना लग रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले की गंभीर रूप से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**खैरथल, (निसं)।** स्वामी संत हिरदाराम (पुष्करराज) के आशीर्वाद एवं स्वामी संत सिद्ध भाऊ के प्रेरणा व मार्गदर्शन से सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी रोड जयपुर के तत्वाधान में जीव कल्याण सेवा समिति रजि.के सहयोग से विशाल नि:शुल्क नेत्र मेडिकल शिविर का आयोजन शुक्रवार को अर्जुन हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में आयोजित होगा। शिविर प्रभारी राजकुमार केसवानी ने बताया शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन, दवाइयां, नजर के चश्मे आदि नि:शुल्क दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बबीता अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगी। शिविर में मरीजों की नेत्र जांच की जायेगी और जरूरतमंद मरीजों को नज़र के चश्मे व कम सुनने की कान की मशीन दी जायेगी। कशिश बोदवानी ने बताया कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जायेगा उन मरीजों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया जाएगा जहां डॉक्टर सहाय व उनकी सहयोगी टीम द्वारा मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा मरीजों के जाने आने की व्यवस्था और आवास, भोजन, दूध, फल आदि नि:शुल्क रहेगा।

### प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड कस्बे में भारत विकास परिषद शाखा बहरोड के द्वारा सिखों के 90 वें गुरु तेग बहादुर की शहादत में शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भर्तृहरि रोड बहरोड में आयोजित कार्यक्रम में गुरु तेग बहादुर की शहादत पर उन्हें याद करते हुए खेल प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षता कर रहे डायरेक्टर वरुण यादव एवं मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं ओम यादव के नेतृत्व में परिषद के राजेश मेहता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलेश सोनी, जगदीश प्रजापत एवं शाखा सचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सहित भारत विकास परिषद के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने आरपीएस स्कूल की डॉक्टर अमृता, अशोक भाटी सहित उनकी टीम के छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए तन्वी यादव के द्वारा ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मानित कर उत्साहवर्जन किया गया।

### सुरक्षा सखियों की मिटिंग आयोजित

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी रामस्वरूप बैरवा द्वारा सुरक्षा सखियों की मिटिंग ली गई। मिटिंग का आयोजन महिला कांस्टेबल नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान सुरक्षा सखियों से समस्या, सुझाव व समाधान के विषयांतर्गत विस्तार से चर्चा की गई साथ ही महिला सशक्तिकरण व महिला अत्याचार को लेकर विचार साझा किये गये। थानाधिकारी बैरवा नें महिला सखियों को अपनी व अपने आसपास रहने वालों को सतर्क व सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर नरैना थाना पुलिस के जवानों सहित सुरक्षा सखियां साली से हेमलता, साखून से रामेश्वरी देवी, श्रीरामपुरा से बसंती देवी चौधरी, जैकमपुरा से संगीता भाकर, नरैना से सोनू मालाकार आदि मौजूद रही।

### एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर

**बोराज, (निसं)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को आरोही एक्यूप्रेशर उपचार संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि शिविर के दौरान संस्थान के डॉ मीनाक्षी शर्मा व डॉ विजय कुमार शर्मा ने उक्त रक्तचाप, डेंगू, कब्ज, गठिया बाय, घुटनों का दर्द, भगंदर, एडी का दर्द, सूजन, जोडों का दर्द आदि बीमारियों से संबंधित मरीजों का एक्यूप्रेशर पद्धित से उपचार किया गया। इस मौके पर सूरजकरण, रोहित, महेंद्र ने सेवायें दी।